## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–पिछले तीन–चार वर्ष में आठ करोड़ रोजगार सृजित किए गए हैं, जिससे बेरोजगारी के बारे में दुष्प्रचार करने वालों को करारा जवाब मिला है।
2. झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को दो हफ्ते में नगर निकाय चुनाव कराने का दिया आदेश।
3. रांची, गुमला और सिमडेगा समेत राज्य के अधिकांश भागों में आज भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अर्लट।

4. भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच टी–20 मैचों की श्रृंखला का अंतिम मैच आज हरारे में खेला **जाएगा।**

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले तीन–चार वर्ष में आठ करोड़ रोजगार सृजित किए गए हैं, जिससे बेरोजगारी के बारे में दुष्प्रचार करने वालों को करारा जवाब मिला है। कल मुंबई में, भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट का कल हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि देश में कौशल विकास और रोजगार की आवश्यकता है और केन्द्र सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

श्री मोदी ने कहा कि दुष्प्रचार करने वाली ताकतें निवेश, बुनियादी ढांचा विकास और देश की आर्थिक प्रगति के शत्रु हैं।

***************

राज्य में नगर निकाय चुनाव नहीं कराए जाने पर झारखंड उच्च न्यायालय ने कड़ी टिप्पणी की है। इस संबंध में रांची की पूर्व पार्षद रोशनी खलखो की ओर से की गई अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए, अदालत ने कहा है कि चार साल तक निकाय चुनाव न कराया जाना लोकतंत्र की हत्या जैसा है। न्यायाधीश आंनद सेन की अदालत ने इस पर राज्य सरकार को दो सप्ताह में नगर निकाय चुनाव पर फैसला लेने का निर्देश दिया है।

***************

देवघर जिले में प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण सह नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन ने कल स्थानीय नगर परिषद कार्यालय सभागार में अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में 22 जुलाई से शुरू हो रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारी और सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने व जरूरतमंद को लाभान्वित करने को लेकर चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को तीन माह के अंदर धरातल पर उतारने का काम करें, ताकि क्षेत्र के गरीब, कमजोर, लाचार लाभुक सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठा सके।

***************

रामगढ जिला व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा श्री आलोक कुमार दुबे के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस आयोजन में लोक अदालत में 11 हजार 8 सौ 13 वादों के निष्पादन से कुल राशि 6 करोड़ 43 लाख उनहत्तर हज़ार 2 सौ इक्यानबे रुपये की प्राप्ति हुई। इसमें भू अधिग्रहण, बिजली, मोटर वेहिकल, फॉरेस्ट एवम एक्साइज केस, एन आई एक्ट वाद, पारिवारिक आय के अलावा प्री लिटिगेशन वाद सहित कई अन्य मामलों का निष्पादन किया गया। उधर साहेबगंज जिले में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में दस बेंचों के माध्यम से चार हजार चार सौ चवालीस मामलों पर सुनवाई हुई। राजमहल अनुमंडल में कुल 3 सौ इक्यानबे वादों का निष्पादन किया गया है। वहीं चतरा जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतरा शंभु लाल साव के मार्गदर्शन में सचिव तारकेश्वर दास के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय में किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 7 हजार 7 सौ उनसठ वादों का निष्पादन किया गया और दस करोड़ छत्तीस लाख 21 हजार चार सौ पैंतीस रुपए का सरकारी राजस्व प्राप्त हुआ।

***************

जमशेदपुर के खास महल स्थित सौ बेड का सदर अस्पताल इस समय चिकित्सकों की भारी कमी से जूझ रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

***************

सरायकेला खरसांवा जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच33 में गोवंशीय पशु की तस्करी कर रहे पांच पिकअप वेन को जब्त किया गया है। तलाशी के क्रम में पांच पिकअप वैन में कुल 33 गोवंशीय पशु पाए गए, जिसमें तीन गोवंशीय पशु मृत अवस्था में पाए गए हैं । पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा सभी पिकअप पेन की तलाशी ली गई इस दौरान कुल 33 गोवंशीय पशु पाए गए जिसमें तीन मृत अवस्था में थे।

***************

पूर्वी सिंहभूम जिले में मोहर्रम को लेकर उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं एसएसपी किशोर कौशल की अध्यक्षता में कल साकची रविंद्र भवन में केंद्रीय शांति समिति एवं मोहर्रम अखाड़ा समितियां के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें कहा गया कि जुलूस के मार्ग में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। साथ ही लाइसेंस में लिखित शर्तों के अलावा थाना स्तर पर दी गई गाइडलाइन का पालन अखाड़ा कमेटी को करना होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी ऋषभ गर्ग सहित जिला पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

***************

भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच टी–20 मैचों की श्रृंखला का अंतिम मैच हरारे में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे चार बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम इस श्रृंखला में पहले ही 3–1 की अजय बढ़त ले चुकी है। इससे पहले, कल चौथे टी–20 मैच में, भारत ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 152 रन बनाये। भारत ने यह लक्ष्य 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया। यशस्वी जयसवाल ने 93 रन बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

***************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उपर निम्न दबाव बना हुआ है। इसकी वजह से आज राज्य में भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला और खरसांवा के अलावा अन्य जगहों पर भारी बारिश होने और वज्रपात होने के आसार है। निम्न दबाव का असर एक से दो दिनों तक रहने की आशंका है, जिसके बाद बारिश कम हो जायेगी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में एक जून से अबतक 1 सौ इकसठ दशमलव एक मिलीमीटर ही बारिश हुई है, जो सामान्य से करीब 49 फीसदी कम है।

***************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से छपने वाले अखबारों ने आज राज्य में शहरी निकाय चुनाव नहीं कराए जाने पर हाईकोर्ट की सुनवाई की खबर को प्रमुखता से छापा है। वहीं देश दुनिया की खबरों के साथ स्थानीय खबरों को भी अपने पहले पन्ने पर जगह दी है।

**प्रभात खबर** अपने पहले पन्ने का शीर्षक मुख्यमंत्री के हवाले से बनाते हुए लिखा है–भाजपा का ड्रामा पूरे देश ने देखा है, समय आने पर जनता देगी जवाब।

**हिन्दुस्तान खबर की सुर्खी है**–निकाय चुनाव पर दो हफ्ते में निर्णय ले सरकार।

**दैनिक भास्कर ने** पहले पन्ने पर शीर्षक बनाया है–भाजपा बद्रीनाथ हारी, सात राज्यों की 13 में से दस सीटें इंडिया ने जीती।

**दैनिक जागरण की सुर्खी है**–राज्य में निकाय चुनाव नहीं कराना संवैधानिक तंत्र की विफलता।

**टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा है**–उपचुनाव में इंडिया गठबंधन ने 13 में से दस सीटें जीतीं, कांग्रेस और टीएमसी को फायदा।

**हिन्दुस्तान टाइम्स** ने अपने पहले पन्ने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोनिया गांधी और केजरीवाल की पत्नी से दिल्ली में मुलाकात की खबर को प्रमुखता से जगह दी है।

********समाप्त************